महत्वपूर्ण एवं खास

छत्तीसगढ़िया ओलंपिक खेल समाप्ति के बाद स्टेडियम में शराब सेवन करने वाला व्यायाम शिक्षक निलंबित

रायगढ़। छ.ग.शासन के महत्वपूर्ण कार्यक्रम 'छत्तीसगढिय़ा ओलंपिक' आयोजन में खेल समाप्ति उपरांत धरनीधर यादव, व्यायाम शिक्षक शास.उ.मा.विद्यालय चक्रधरनगर द्वारा स्टेडियम में शराब सेवन किए जाने की शिकायत मिली थी। जिसे गंभीरता से लेते हुए कलेक्टर रानू साहू ने जिला शिक्षाधिकारी को मामले की जांच करने के निर्देश दिए थे। जांच में यादव व्यायाम शिक्षक व्दारा शराब का सेवन किये जाने संबंधी कृत्य की पुष्टि होना पाया गया। यादव व्यायाम शिक्षक द्वारा किया गया उक्त कृत्य छ.ग.सिविल सेवा आचरण नियम 1965 एवं छ.ग.सिविल सेवा (वर्गीकरण, नियंत्रण तथा अपील) नियम 1966 के विपरीत होने के कारण कलेक्टर साहू ने तत्काल उन्हें प्रभाव से निलंबित कर दिया है। जारी आदेश के अनुसार निलंबन अवधि में यादव व्यायाम शिक्षक का मुख्यालय- कार्यालय विकास खण्ड शिक्षा अधिकारी रायगढ़ निर्धारित किया गया है एवं उन्हें नियमानुसार जीवन निर्वाह भत्ता की पात्रता होगी। यह आदेश तत्काल प्रभावशील होगा।

डिप्लोमा पाठ्यक्रम के माध्यम से प्रवेश हेतु काऊंसिलिंग 10 अक्टूबर से

रायगढ़। किरोड़ीमल शासकीय पॉलीटेक्निक रायगढ़ में शैक्षणिक सत्र 2022-23 का दस्तावेज परीक्षण एवं काऊंसिलिंग का कार्य चल रहा है। संस्था में वर्तमान में इलेक्ट्रानिक्स एवं टेलीकम्यूनिकेशन, सिविल, मेकेनिकल, मेटलर्जी, कम्प्यूटर साइंस एवं इलेक्ट्रिकल कुल 6 ब्रांच संचालित है। यह देखा गया है कि विद्यार्थियों द्वारा ब्रांच चयन करने में कठिनाई की स्थिति रहती है। अत: 10 अक्टूबर 2022 से प्रारंभ लोकल काऊंसिलिंग से पॉलीटेक्निक में प्रवेश के इच्छुक छात्र-छात्राएं काऊंसिलिंग के दौरान ब्रांच चयन से संबंधित सलाह हेतु संस्था के सभाकक्ष में व्याख्याताओं द्वारा मार्गदर्शन प्राप्त कर सकते है।

छेड़खानी के आरोपी को गिरफ्तार कर भेजा गया रिमांड पर

रायगढ़। दिनांक 07.10.2022 को #कोतरारोड़ पुलिस द्वारा किरोड़ीमल के फलेश कुमार चंद्रा पिता गिरधारी चंद्रा (उम्र 23 साल) को युवती से छेड़खानी के अपराध में गिरफ्तार कर न्यायिक रिमांड पर भेजा गया है। दिनांक 06.10.2022 को थाना भूपदेवपुर क्षेत्र अंतर्गत निवास युवती अपने परिजनों के साथ थाना कोतरारोड आकर रिपोर्ट दर्ज कराई कि दिनांक 06.10.2022 को देर रात्रि दशहरा देखकर वापस आते समय फलेश कुमार चंद्रा के द्वारा किरोड़ीमल फाटक के पास गंदी नियत से छेड़खानी किया है। युवती के रिपोर्ट पर धारा 354 आईपीसी के तहत फलेश कुमार चंद्रा के विरूद्ध अपराध पंजीबद्ध कर थाना प्रभारी कोतरारोड़ उपनिरीक्षक गिरधारी साव एवं हमराह स्टॉफ द्वारा किरोड़ीमलनगर में दबिश देकर आरोपी को हिरासत पर लेकर थाना लाया गया , जिसे आज गिरफ्तार कर जेएमएफसी रायगढ़ के न्यायालय न्यायिक रिमांड पर भेजा गया है।

आज कुछ स्थानों पर हल्की से मध्यम वर्षा की संभावना

रायपुर (आरएनएस)। प्रदेश में आज कुछ स्थानों पर हल्की से मध्यम वर्षा होने अथवा गरज चमक के साथ छींटे पडऩे की संभावना है।वहीं एक-दो स्थानों पर गरज चमक के साथ वज्रपात भी होने की संभावना है। मौसम विभाग से मिली जानकारी के अनुसार एक द्रोणिका तटीय आंध्र प्रदेश से उत्तराखंड तक तेलंगाना, विदर्भ, पश्चिम मध्य प्रदेश, पश्चिम उत्तर प्रदेश होते हुए, 1.5 किलोमीटर ऊंचाई तक विस्तारित है।

छत्तीसगढ़िया ओलंपिक से पारंपरिक खेलों को मिल रहा है बढ़ावा -कलेक्टर

❐ मिनी स्टेडियम में हुई छत्तीसगढ़िया ओलंपिक स्पर्धा में पहुंचे कलेक्टर रानू साहू और एसपी अभिषेक मीणा, खिलाड़ियों का किया उत्साहवर्धन

रायगढ़। छत्तीसगढिय़ा ओलंपिक से पारंपरिक खेलों को बढ़ावा मिल रहा है। इससे प्रदेश के पारंपरिक खेलों के खिलाडिय़ों को अपनी प्रतिभा दिखाने का मौका मिलेगा। उक्त बातें कलेक्टर रानू साहू ने रायगढ़ स्टेडियम में आयोजित छत्तीसगढिय़ा ओलंपिक खेल स्पर्धा के आयोजन में कही। उन्होंने कहा कि छत्तीसगढ़ के स्थानीय खेलों से बच्चों को जोडऩे और बड़ों की पुरानी स्मृतियों को ताजा करने के उद्देश्य से राज्य शासन ने गांव से लेकर प्रादेशिक स्तर तक इन खेलों के लिए छत्तीसगढ़ ओलंपिक्स स्पर्धा आयोजित की है। इसमें छत्तीसगढ़ के पारंपरिक खेल पिट्ठूल, फुगड़ी, कबड्डी, खोखो, गिल्ली-डंडा जैसे 14 खेलों को शामिल किया गया है। इस दौरान उन्होंने स्पर्धा में भाग लेने वाले सभी प्रतिभागियों को खेल भावना से खेलने और जीतने की शुभकामनाएं दी।

पुलिस अधीक्षक अभिषेक मीणा ने कहा की शरीर को फिट और स्वास्थ्य को अच्छा रखने के लिए खेल सभी के लिए जरूरी है। इसमें पारंपरिक खेल से लोगों का विशेष जुड़ाव रहता है। इसी को देखते हुए छत्तीसगढिय़ा ओलंपिक का आयोजन किया गया है। इसमें सभी आयु वर्ग के लोग पारंपरिक खेल स्पर्धा में भाग ले सकते हैं। जिला पंचायत सीईओ अबिनाश मिश्रा ने कहा कि पारंपरिक खेलों में अपनी प्रतिभा दिखाने का यह सभी को अवसर मिला है, जो हमारे प्रदेश की पारंपरिक खेल गिल्ली-डंडा, भौरा, पिट्ठुल, दौड़, कबड्डी है। इन खेलों के भी बेहतर खिलाडिय़ों को अब पहचान मिलेगी। निगम आयुक्त संबित मिश्रा ने स्पर्धा के आयोजन की पूर्ण जानकारी दी। उन्होंने बताया कि राजीव युवा मितान क्लब के माध्यम से छत्तीसगढिय़ा ओलंपिक का आयोजन किया जा रहा है। इसमें नगर निगम अंतर्गत सभी वार्डो में वार्ड स्तर पर स्पर्धा हर रोज आयोजित की जाएंगी। इसमें चयनित खिलाडिय़ों को जोन स्तर में अपनी प्रतिभा दिखानी होगी। इसी तरह 11 जनवरी तक प्रदेश स्तर पर छत्तीसगढिय़ा ओलंपिक स्पर्धा आयोजित होगी। इस दौरान वार्ड क्रमांक 5 एवं 6 के लिए कबड्डी स्पर्धा करायी गई। इसमें टीम-बी विजयी रहा। मैच के पूर्व कलेक्टर साहू, एसपी मीणा, सीईओ मिश्रा, कमिश्नर मिश्रा सहित अधिकारियों ने खिलाडिय़ों से परिचय प्राप्त कर उन्हें शुभकामनाएं दी। इसके बाद स्पर्धा शुरू हुई। रोमांचक मैच में टीम-बी विजयी रहा। इसी तरह रस्सी खींच, 100 मीटर दौड़, पिट्ठुल, गिल्ली डंडा, भंवरा स्पर्धा भी आयोजित हुई। इसमें बेहतर प्रदर्शन करने वाले खिलाडिय़ों का चयन अगले स्तर के लिए किया गया। स्पर्धा आयोजन से लेकर समापन तक की जिम्मेदारी उपायुक्त सुतीक्षण यादव ने संभाली। इसी तरह कार्यालय अधीक्षक आर.एन.पटेल, वाहन विभाग लिपिक अनिल बाजपायी सहित सभी वार्ड के सहायक कर निरीक्षक, स्कूल के शिक्षक, स्टेडियम प्रभारी एवं सहायक सहित अधिकारी-कर्मचारी उपस्थित थे।

सभी वार्डों में होगा आयोजन- शनिवार से सभी वार्ड में छत्तीसगढ़ ओलंपिक का आयोजन होगा। इसमें भाग लेने वाले खिलाड़ी राजीव युवा मितान क्लब के सदस्यों से संपर्क कर सकते हैं। निगम प्रशासन ने सभी वार्ड के छात्र-छात्राओं, निवासियों को ज्यादा से ज्यादा संख्या में स्पर्धा में भाग लेने की अपील की है।

2000 रुपए नकदी, मोबाइल व बाईक लूट कर फरार हो गए लुटेरे, रिपोर्ट दर्ज

रायगढ़। दिनांक 06.10.2022 को पुलिस चौकी जूटमिल में डी.बी पावर. प्लांट में हेल्फर का काम करने वाले हेतराम सारथी (30 साल) द्वारा तीन अज्ञात व्यक्ति, तरकेला सती डबरी नाला के पास रोड पर 2000 रुपए मोबाइल व मोटरसाइकिल लूट कर भाग जाने की रिपोर्ट दर्ज कराया गया है, पुलिस चौकी जूटमिल में अज्ञात आरोपियों के विरुद्ध लूट का अपराध दर्ज कर आरोपियों की पतासाजी की जा रही है।

रिपोर्टकर्ता ग्राम टुन्ड्री थाना डभरा जिला जजगीर चांपा का रहने वाला हेतराम बताया कि डी.बी. पावर प्लांट में हेल्फर का काम करता है। 04-05 दिन पहले इसकी पत्नी ग्राम तरकेला नवरात्रि पूजा में गई हूई थी जिसे लेने के लिये, दिनांक 05.10.2022 के शाम लगभग 05.00 बजे तरकेला गया था। दोनो पति-पत्नि खाना खाकर 10.15 बजे रात्रि में अपने घर टुन्ड्री (डभरा) जाने के लिये मोटर सायकल क्र सीजी 11 सी 8039 से निकले थे, तरकेला से थोडी दूर आगे नाला के पास इसकी पत्नि बाथरूम लगने से रूके थे, उसी समय तरकेला तरफ से एक स्कुटी नीले रंग में तीन व्यक्ति इनके पास आकर रूके और तुम लोग यह क्या कर रहे हो कहकर मारपीट करने लगे तथा जेब में रखे 2 हजार एवं एक कीपैड मोबाईल और मोटरसाइकिल को लूट कर भाग गये। चौकी प्रभारी जूटमिल के नेतृत्व में जूटमिल पुलिस द्वारा अज्ञात आरोपियों की पतासाजी की जा रही है।

धनुहारडेरा-एकताल में शिल्पकारों के लिए डिजाईन ट्रेनिंग वर्कशॉप का हुआ शुभारंभ

रायगढ़। विकास आयुक्त (हस्तशिल्प) भारत सरकार, वस्त्र मंत्रालय नई दिल्ली के वित्तीय सहयोग से छ.ग.हस्तशिल्प विकास बोर्ड रायगढ़ द्वारा इंटीग्रेटेड डिजाईन एण्ड टेक्नीकल डेव्हलपमेंट प्रोजेक्ट बेलमेटल क्राफ्ट के तहत अनुसूचित जाति वर्ग के 40 शिल्पकारों के लिए डिजाईन ट्रेनिंग वर्कशॉप का शुभारंभ आज पुसौर विकासखण्ड के ग्राम-धनुहारडेरा एकताल में हुआ। यह कार्यक्रम 6 जनवरी 2023 तक चलेगा।

कार्यक्रम के शुभारंभ अवसर पर मुख्य अतिथि के रूप में जनपद पंचायत अध्यक्ष पुसौर सुशील भोय उपस्थित रहे। कार्यक्रम को संबोधित करते हुए सुशील भोय ने कहा कि ग्राम धनुहारडेरा एकताल का नाम राज्य से लेकर राष्ट्रीय एवं अंतर्राष्ट्रीय स्तर पर ख्याति प्राप्त है। एकताल से कई राष्ट्रीय स्तर एवं राज्य स्तरीय पुरस्कार से सम्मानित शिल्पियों ने ढ़ोकरा शिल्प को अंतर्राष्ट्रीय बाजार में नई पहचान दिलाई है एवं बाजार में अन्य राज्यों की अपेक्षा एकताल के शिल्पियों की कलाकृतियों का स्वीकारिता अधिक है। उन्होंने कलाकृति के गुणवत्ता में सुधार, उपयोगी वस्तुओं का निर्माण एवं ऑन लाईन मार्केटिंग एवं पैकेजिंग की जानकारी दी। कार्यक्रम में विशिष्ट अतिथि के रूप में उपस्थित सदस्य जनपद पंचायत पुसौर रामनारायण नंदे ने ऐतिहासिक,धार्मिक कथाओं एवं घटनाओं का उदाहरण देते हुए कहा हस्तशिल्प के कलाकृति बनाकर स्वरोजगार प्राप्त करते हुए अपने परिवार का जीवन स्तर में सुधार करने के लिये प्रेरित किया। अशोक कुमार मिरी डिजाईनर द्वारा नये-नये डिजाईन, विपणन एवं शिल्पियों के विकास के बारे में जानकारी दी गई।

उक्त कार्यक्रम में आर.डी. खूंटे प्रभारी अधिकारी छत्तीसगढ़ हस्तशिल्प विकास बोर्ड रायगढ़ द्वारा विभागीय योजनाओं से अवगत कराया गया एवं छत्तीसगढ़ हस्तशिल्प विकास बोर्ड, रायगढ़ के सहयोगी कर्मचारी कालिया कान्हू सिदार, घनश्याम सिंह, समस्त 40 प्रशिक्षणार्थी एवं बड़ी संख्या में ग्राम धनुहारडेरा-एकताल के निवासियों की भागीदारी रही। इस दौरान बुद्धेश्वरी चौहान सरपंच ग्राम पंचायत एकताल विकासखण्ड पुसौर, रामलाल झारा राष्ट्रीय हस्तशिल्प पुरस्कार प्राप्त वरिष्ठ शिल्पकार, भोगीलाल झारा राज्यस्तरीय हस्तशिल्प पुरस्कार प्राप्त एवं मास्टर क्राफ्टसमेन, अशोक कुमार मिरी डिजाईनर, परदेशी चौहान वरिष्ठ सामाजिक कार्यकर्ता, देवानंद पटेल, नीलकंठ पूर्व पंच, तरू चौहान पूर्व पंच, नेहरू चौहान, लक्ष्मण गुप्ता पंच ग्राम पंचायत एकताल एवं अनेकों गणमान्य नागरिक उपस्थित रहें हैं।

फील्ड में दिखनी चाहिए विभागीय योजनाओं की प्रगति -कलेक्टर

❐ कलेक्टर साहू ने ली विभागीय अधिकारियों की समीक्षा बैठक में दिए निर्देश

रायगढ़। कलेक्टर रानू साहू ने आज कलेक्ट्रेट में विभागीय कार्यों की समीक्षा बैठक ली। उन्होंने अधिकारियों से कहा कि उनको मिले जिम्मेदारियों के निर्वहन का परिणाम मैदानी स्तर पर दिखना चाहिए। शासन की योजनाओं का बेहतर क्रियान्वयन हो, ज्यादा से ज्यादा हितग्राही योजना से लाभान्वित हो यह सभी अधिकारियों को सुनिश्चित करना है।

कलेक्टर साहू ने भूमिहीन कृषि मजदूर न्याय योजना की समीक्षा की। उन्होंने जनपदवार रजिस्टर्ड हितग्राही और उन्हें मिली किश्तों का ब्यौरा लिया। बताया गया कि कुछ लोगों के खाते संबंधी त्रुटि के कारण खाते में राशि नहीं पहुंची है। उन्होंने ऐसे सभी हितग्राहियों को चिन्हांकित करते हुए ग्रामवार सूची बनाने के निर्देश दिए। जिससे गांव स्तर पर उनसे संपर्क कर त्रुटि सुधार काम किया जा सके। उन्होंने इसे प्राथमिकता से करने के निर्देश दिए हैं।

कलेक्टर साहू ने एनीमिक महिलाओं और बालिकाओं के चिन्हांकन के लिए भी महिला एवं बाल विकास विभाग और स्वास्थ्य विभाग को संयुक्त रूप से कैंप लगाने के निर्देश दिए। उन्होंने गर्भवती महिलाओं की भी रेगुलर मॉनिटरिंग के लिए विशेष कर ऐसी महिलाएं जिन्हें रक्ताल्पता की समस्या है। जिससे उनकी नियमित स्वास्थ्य जांच हो और डिलीवरी के समय समुचित चिकित्सा सुविधाएं मुहैय्या करवाई जा सके। कलेक्टर साहू ने शिक्षा विभाग को विशेष निर्देश देते हुए कहा कि कई बार देखा जाता है कि बच्चे अपनी पढ़ाई पूरी किए बिना ही शाला छोड़ देते हैं। ऐसे बच्चों का भी सर्वे करें। जिससे उन्हें तथा उनके परिवार की काउंसलिंग कर बच्चों को पुन: पढ़ाई से जोडऩे के प्रयास किए जा सकें।

कलेक्टर साहू ने गोधन न्याय योजना की समीक्षा करते हुए गौठानों में गोबर खरीदी बढ़ाने के निर्देश कृषि अधिकारी को दिए। उन्होंने कहा कि सभी गौठानों में नियमित रूप से गोबर खरीदी की जाए। उन्होंने कहा कि इसकी नियमित रुप से समीक्षा होगी और क्रियान्वयन में लापरवाही पर कार्यवाही की जायेगी। उन्होंने जैविक खेती तथा उद्यानिकी फसलों को बढ़ावा देने विभागों द्वारा किए जा रहे कार्यों की जानकारी ली। इसके साथ ही उन्होंने मनरेगा, वन विभाग से जुड़ी योजनाओं, आश्रम छात्रावासों के संचालन, मुख्यमंत्री शहरी स्लम स्वास्थ्य योजना, धन्वंतरी जेनेरिक दवा दुकान, हाट-बाजार क्लिनिक का संचालन की भी समीक्षा की।

बैठक में सीईओ जिला पंचायत अबिनाश मिश्रा, आयुक्त नगर निगम संबित मिश्रा, वनमंडलाधिकारी रायगढ़ सुश्री स्टायलो मण्डावी, वन मंडलाधिकारी धरमजयगढ़ अभिषेक जोगावत, अपर कलेक्टर सुश्री संतन देवी जांगड़े, अपर कलेक्टर राजीव कुमार पाण्डेय सहित सभी एसडीएम, तहसीलदार व विभागों के जिला अधिकारी उपस्थित रहे।

राजस्व प्रकरणों के समय-सीमा में निराकरण पर दिया जोर- कलेक्टर साहू ने बैठक में राजस्व से जुड़े योजनाओं की भी समीक्षा की। उन्होंने न्यायालयवार लंबित प्रकरणों की जानकारी लेते हुए अविवादित नामांतरण के प्रकरणों को जल्द निराकृत करने के लिए कहा। राजस्व न्यायालयों में आदेश पारित होने के उपरांत नक्शा, नामांतरण, सीमांकन एवं बंटवारा अद्यतन करने के लिए पटवारियों को निर्देशित करने के लिए कहा। उन्होंने बैठक में गिरदावरी कार्यों की भी समीक्षा की तथा सभी एसडीएम तथा तहसीलदार को मौका मुआयना कर गिरदावरी की जांच करने के निर्देश दिए। उन्होंने लोक सेवा गारंटी के तहत लंबित प्रकरणों को भी तेजी से निराकृत करने के लिए कहा। कलेक्टर साहू ने स्कूली बच्चों के शत-प्रतिशत जाति प्रमाण-पत्र बनाने के निर्देश दिए।

जिला एवं तहसील न्यायालयों में 12 नवम्बर को होगा नेशनल लोक अदालत का आयोजन

रायगढ़। राष्ट्रीय विधिक सेवा प्राधिकरण, नई दिल्ली के निर्देशानुसार 12 नवम्बर 2022 को सभी मामलों पर नेशनल लोक अदालत का आयोजन किया जा रहा है। जिसमें न्यायालयों में लंबित राजीनामा योग्य आपराधिक मामले, श्रम संबंधी मामले, चेक बाउन्स के मामले, पारिवारिक विवाद, मोटर दुर्घटना दावा एवं व्यवहार प्रकृति के मामलों के अलावा पानी एवं विद्युत बकाया तथा बैंक रिकव्हरी के प्रीलिटिगेशन वाद राजीनामा हेतु रखे जायेंगे। इसके अतिरिक्त धारा 188 भा.द.सं.एवं कोविड-19 के परिप्रेक्ष्य में आपदा प्रबंधन अधिनियम 2005 एवं अन्य छोटे अपराधों के मामलों जिसमें यातायात उल्लंघन के मामलों को भी शामिल कर निराकृत किये जायेंगे।

यदि किसी पक्षकार का मामला राजीनामा योग्य है तथा वह आयोजित होने वाली इस लोक अदालत का लाभ प्राप्त करना चाहता है तो वह जल्द से जल्द स्वयं अथवा अपने अधिवक्ता के माध्यम से अपने मामले को राजीनामा हेतु आयोजित होने वाली 12 नवम्बर की लोक अदालत में रखने हेतु संबंधित न्यायालय से अनुरोध कर सकता है। अधिक जानकारी हेतु कार्यालय जिला विधिक सेवा प्राधिकरण, रायगढ़ से व्यक्तिगत रूप से एवं फोन नम्बर 07762-299190 एवं ईमेल dlsa.raigarh@gmail.com में सम्पर्क किया जा सकता है।

जिले में कला उत्सव-2022 के आयोजन हेतु दिशा निर्देश जारी

❐ 12 अक्टूबर को विद्यालय स्तर व 18 अक्टूबर को विकासखंड स्तर पर 10 कलाओं अंतर्गत होंगी प्रतियोगिताएं

रायगढ़। राज्य परियोजना कार्यालय समग्र शिक्षा छत्तीसगढ़ के आदेशानुसार कला उत्सव 2022-23 का आयोजन किया जाना है। उक्त आदेश के परिपालन में रायगढ़ जिले में विद्यालय एवं विकास खंड स्तर पर जिला शिक्षा अधिकारी रायगढ़ आर.पी.आदित्य के मार्गदर्शन में कला उत्सव का आयोजन किया जाएगा। जिसमें लगभग 10 कलाओं अंतर्गत विद्यालय व विकासखंड स्तर पर विभिन्न प्रतियोगिताएं आयोजित की जाएगी। एडीपीओ जे.के राठौर एवं डीएमसी समग्र शिक्षा रायगढ़ नरेंद्र चौधरी द्वारा जिले के सभी विद्यालयों को निर्देशित किया गया है कि समय-सीमा में विद्यालय एवं विकास खंड स्तर पर कला उत्सव का आयोजन करा कर सूची जिला शिक्षा कार्यालय को प्रेषित की जाए। कला उत्सव के आयोजन हेतु जिला नोडल अधिकारी के रुप में सहायक परियोजना अधिकारी समग्र शिक्षा रायगढ़ आलोक स्वर्णकार को दायित्व सौंपा गया है जिनकी देखरेख में उक्त आयोजन किया जाएगा।

विदित हो किए वर्ष 2022-23 हेतु कला उत्सव का आयोजन ऑफलाइन/ फेस टू फेस मोड में किया जाना है। कला उत्सव पारंपरिक लोक कलाओं एवं शास्त्रीय कलाओं की विभिन्न शैलियों पर केंद्रित होगा। प्रतियोगिता में 10 कलाओं को सम्मिलित किया गया है जिसमें संगीत (गायन) शास्त्रीय संगीत, पारंपरिक लोक संगीत, संगीत (वादन), अवनद्ध वाद्य, स्वर वाद्य, नृत्य-शास्त्रीय नृत्य, लोक नृत्य, दृश्य कला (द्वि आयामी), (त्रिआयामी), स्थानीय खिलौने एवं खेल तथा नाटक(एकल अभिनय) शामिल हैं। उल्लेखनीय है कि विद्यालय एवं विकास खंड स्तर पर प्रतियोगिता हेतु तिथियों की घोषणा की गई है। जिसके अनुसार विद्यालय स्तर पर 12 अक्टूबर 2022 को एवं विकासखंड स्तर पर 18 अक्टूबर 2022 को कला उत्सव के आयोजन में 10 विधाओं अंतर्गत प्रतियोगिताओं का आयोजन कराया जाना है। विद्यालय स्तर पर चयनित प्रथम छात्र व छात्रा को विकासखंड स्तर पर सम्मिलित किया जाना है और विकासखंड स्तर पर प्रत्येक विधा में चयनित प्रथम छात्र एवं प्रथम छात्रा का मूल पाठ (100 शब्दों में कंप्यूटर द्वारा टाइप करा कर) वीडियो फिल्म (अधिकतम अवधि 5 मिनट), प्रविष्टियों के लिए निर्धारित प्रारूप भाग क, परिशिष्ट-01 में भरकर संबंधित जिला कार्यालय को 20 अक्टूबर 2022 तक उपलब्ध कराया जाना है ताकि, जिला स्तर पर आयोजित कार्यक्रम में उन प्रविष्टियों को शामिल किया जा सके। दृश्य कला श्रेणी (द्वि-आयामी त्रि.आयामी एवं स्थानीय खिलौने) में वीडियो फिल्म्स के साथ कलाकृतियों के फोटो भी भेजने होंगे। प्रतियोगिता स्थल पर कला उत्सव का बैकड्राप, कार्यक्रम का नाम, तिथि, और स्थल का विवरण आवश्यक है। निर्देशानुसार जिला स्तर पर कला उत्सव प्रतियोगिता का आयोजन दिनांक 1 नवंबर 2022 को किया जाएगा।

वेक्टर जनित रोगों के उन्नमूलन के लिए कार्यशाला आयोजित

❐ डेंगू रोकथाम व फाइलेरिया उन्मूलन के लिए विशेष प्रयास कर रहा स्वास्थ्य विभाग : सीएचएमओ डॉ. केशरी

❐ डेंगू-मलेरिया-फाइलेरिया से लड़ने को स्वास्थ्य विभाग मुस्तैदी के साथ तैयार : जिला मलेरिया अधिकारी

रायगढ़। वेक्टर जनित रोगों पर नियंत्रण के लिए गुरुवार को मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी सभागार में जिले के क्षेत्रीय चिकित्सा अधिकारियों (आरएचओ) को विशेषज्ञों ने मलेरिया, डेंगू व फाइलेरिया संक्रमित मरीजों का मानक के तहत उपचार करने की प्रक्रिया बताकर प्रशिक्षित किया। जिला मलेरिया अधिकारी डॉ टीजी कुलवेदी ने आरएचओ को डेंगू,मलेरिया एवं फाइलेरिया रोकथाम, इलाज व इलाज के दौरान बरती जाने वाली सावधानियों से जुड़ी जानकारी पर प्रशिक्षण दिया। साथ ही आरएचओ, एएनएम के कर्तव्य व दायित्व, मलेरिया के प्रकार, एडीज मच्छर की पहचान, उसके उत्सर्जन स्थल, मलेरिया से बचाव एवं नियंत्रण, मच्छर दानी का उपयोग, डीडीटी का महत्व, जल-जमाव की रोकथाम, साफ सफाई के अलावा पीड़ित का रक्त पट्ट बनाने आदि के बारे में विस्तार से जानकारी दी गई।

बरसात के मौसम में जलजमाव के कारण मच्छरों का प्रकोप अधिक रहता है। जिससे मलेरिया और डेंगू के मरीजों के बढ़ने की संभावना अधिक रहती है। ऐसे में स्वास्थ्य विभाग लोगों को मच्छरों से बचाव करने और सचेत रहने की सलाह दे रहा है। ताकि, लोग जागरूक हों। मच्छरों से होने वाली बीमारियों में मलेरिया, फाइलेरिया, डेंगू, जीका वायरस, चिकनगुनिया आदि प्रमुख हैं। मच्छरों के काटने से सबसे अधिक मामले मलेरिया और डेंगू के ही आते हैं। इन्हें ही वेक्टर जनित रोग कहा जाता है

मुख्य चिकित्सा अधिकारी डॉ एसएन केशरी ने सभी स्वास्थ्य केंद्र प्रभारियों और खंड चिकित्सा अधिकारियों को स्वास एवं अन्य वेक्टर जनित रोगों पर नियंत्रण, निगरानी करने का निर्देश दिया है। मानसून की विदाई के बाद भी वेक्टर जनित रोगों का खतरा रहता है। जिले में जून से नवम्बर तक इसकी संभावना अधिक रहती है। उन्होने कहा: "कोई भी डेंगू व मरीज इलाज से वंचित न होने पाए। सभी मरीजों का उपचार मानक के तहत किया जाए। जिला स्वास्थ्य विभाग डेंगू रोकथाम व फायलेरिया उन्मूलन के लिए विशेष प्रयास कर रहा है।"

जिला मलेरिया अधिकारी डॉ. टीजी कुलवेदी ने बताया: "डेंगू के प्रसार के प्रभावी नियंत्रण हेतु क्षेत्रीय स्वास्थ्य अधिकारियों को प्रशिक्षित किया जा रहा है जिससे की डेंगू से स्वास्थ्य केंद्र पर ही मरीज को उपचारित किया जा सके। इसके लिए गुरुवार को एक कार्यशाला का आयोजन किया गया था। ऐसे प्रशिक्षण नवंबर महीने तक अलग-अलग तिथियों में किया जाएगा।"

कैसे बचें मच्छरों से- मच्छर भगाने वाली क्रीम या दवा का प्रयोग दिन में भी करें। पूरे शरीर को ढकने वाले कपड़े पहनें। घर के सभी कमरों को साफ-सुथरा रखें। टूटे-फूटे बर्तनों, कूलर, एसी, फ्रिज में पानी जमा नहीं होने दें।

स्वामी, मुद्रक प्रकाशक तथा संपादक सी.बी.वर्मा द्वारा न्यायसाक्षी प्रिंटर्स, प्लॉट नं. 327, वार्ड नं. 24, श्रीराम कॉलोनी स्टेडियम के पीछे रायगढ़ से मुद्रित एवं प्रकाशित फोन 07762-२21359 पी.आर.बी. अधिनियम के तहत् खबरों के चयन के लिए जिम्मेदार ई-मेल - nyaysakshi@gmail.com- www.nyaysakshi.com, RNI NO :- CHHHIN/2018/76480